कार्यालय कमिश्नर, भोपाल संभाग, भोपाल
डी–ब्लाक पुराना सचिवालय भोपाल

दूरभाष 0755–2540399 फेक्स 0755–2540772 ई–मेल commbho@nic.in

क्रमांक / 8845 / विकास–2 / 2018 भोपाल, दिनांक 24 / 11 / 2018

प्रति,

1. अधिष्ठाता,
   गांधी चिकित्सा महाविद्यालय,
   भोपाल।
2. अधिष्ठाता,
   अटलबिहारी वाजपेयी शासकीय
   चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल,
   विदिशा।

विषय : अधीक्षक पद की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति वेबसाईड पर अपलोड करने के संबंध में।

सन्दर्भः–मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल का परिशिष्ठ क्रमांक एफ–2–53 / 2017 / 1 / 55 दिनांक 12.1.18

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। मेडिकल कॉलेज भोपाल एवं विदिशा में अधीक्षक के पद की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति संलग्न प्रेषित है।

कृपया संलग्न विज्ञप्ति को अपनी वेबसाईड पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(कवीन्द्र कियावत)
कमिश्नर
भोपाल संभाग, भोपाल

कार्यालय कमिश्नर, भोपाल संभाग–भोपाल

डी–ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल

दूरभाष : 07552540399, फैक्स : 07552540772, ई–मेल : **commbho@nic.in**

क्रमांक / /विकास–2/2018 भोपाल दिनांक /11/2018

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के ज्ञापन कमांक एफ–2–53/20171/55 दिनांक 12.1.18 एवं संचालक, चिकित्सा शिक्षा, मध्यप्रदेश के पत्र कमांक 700–715/स्था/राज/2018 दिनांक 11.4.18 द्वारा मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत अटलबिहारी वाजपेयी शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा में अधीक्षक के रिक्त पद की पूर्ति प्रतिनियुक्ति से किए जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. आवेदन की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर, 2018 है। पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन कमिश्नर, भोपाल संभाग, भोपाल को संबोधित करते हुये स्थान : कार्यालय कमिश्नर, भोपाल संभाग, भोपाल, डी–ब्लाक, पुराना सचिवालय, भोपाल में व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा जमा कराये जा सकते है/भेजे जा सकते है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर, 2018 को सांय 5.00 बजे तक है। उसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त आवेदनों की सूची को दिनांक 15 दिसम्बर, 2018 को कार्यालय की वेबसाइट www.bhopaldivision.nic.inपर प्रदर्शित किया जायेगा, जिस पर आगामी दो दिवस में प्राप्त आपत्तियाँ यदि है, तो उनका निराकरण किया जायेगा।

3. आवेदन प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी इस कार्यालय में एवं वेबसाईट www.bhopaldivision.nic.in पर उपलब्ध है। कार्यालय अथवा वेबसाईट से प्रपत्र एवं जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

(कवीन्द्र कियावत)
कमिश्नर
भोपाल संभाग, भोपाल

प्रति,

संयुक्त संचालक,
जनसंपर्क,
भोपाल संभाग, भोपाल की ओर प्रकाशनार्थ

अन्य जानकारी

1. **अधीक्षक:** – (पद–01 प्रतिनियुक्ति पर)–वेतनमान 37400–67000+10000
2. **नियुक्ति की अवधि** :–यह नियुक्ति प्रथमतः दो वर्षो के आधार पर की जाएगी जिसे संतोषजनक पाये जाने पर एक–एक वर्ष के लिए आगे तीन बार तक शासी निकाय के अनुमोदन उपरांत बढाया जा सकेगा।
3. **अर्हताये** :–

3.1 मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा समय–समय पर निर्धारित मापदण्डों की अपेक्षाओं के अनुरूप होगी।

3.2 शैक्षणिक अर्हताएं :–

पद	न्यूनतम आयु सीमा	अर्हतायें
अधीक्षक	35 वर्ष	1. संबंधित विषय में और टी.ई.क्यू (TEQ) विनियमावली के अनुसार स्नातकोत्तर शैक्षणिक योग्यता एम.डी./एम.एस. 2. प्रथम लेखक के रूप में या तदनुरूपी लेखक के रूप में सह प्राध्यापक के कार्यकाल के दौरान न्यूनतम 2 अनुसंधान प्रकाशनों के साथ संचयी आधार पर सूचीबद्ध जर्नल में 4 अनुसंधान प्रकाशनों के साथ किसी अनुमति प्राप्त/अनुमोदित/मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज/संस्थान में 3 वर्ष के लिए संबंधित विषय में सह प्राध्यापक के रूप में कार्य का अनुभव।

3.3 अधीक्षक के पद के लिए म0प्र0 शासन के किसी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय/संस्थान में कार्य करने वाले प्राध्यापक ही आवेदन कर सकेंगे।

3.4 अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल/मेडिकल कांउसिल ऑफ इंडिया में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

4. **अनापत्ति प्रमाण** :– मध्यप्रदेश के किसी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक का आवेदन संबंधित संस्था प्रमुख से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने पर ही मान्य होगा।
5. **सेवा शर्ते** :–

5.1 यदि आवेदक मध्यप्रदेश शासन के चिकित्सा महाविद्यालय/संस्थान से अनापत्ति लेकर आवेदन करता है तो चयन होने पर उनकी सेवायें गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर मान्य करते हुये वेतन संरक्षण का लाभ प्राप्त होगा तथा इस संस्था में सेवा अवधि पूर्ण होने अथवा सेवानिवृत्ति पर सेवायें पुनः संबंधित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को वापिस की जायेंगी।

5.2 अधीक्षक के पद पर चयन उपरांत निजी प्रेक्टिस की पात्रता नहीं होगी।

6. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर, 2018 सायं 5.00 बजे तक है। आवेदन पत्र दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 को सायं 5.00 बजे तक कार्यालय कमिश्नर, भोपाल संभाग, भोपाल, डी–ब्लाक पुराना सचिवालय, भोपाल में प्राप्त हो जाना चाहिये। आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा कराये जा सकते

हैं। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त आवेदनों की सूची को दिनांक 12 दिसम्बर, 2018 को कार्यालय की वेबसाईट **www.bhopaldivision.nic.in** पर उपलब्ध कराया जायेगा जिस पर आगामी दो दिवस में प्राप्त आपत्ति, यदि है तो उनका निराकरण किया जायेगा।

7. चयन प्रकिया हेतु यात्रा भत्ता इस संस्था द्वारा देय नहीं होगा।
8. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय कमिश्नर, भोपाल संभाग, भोपाल की वेबसाईट **www.bhopaldivision.nic.in** पर उपलब्ध है।
9. साक्षात्कार के अभ्यर्थी पहचान के लिए मान्य दस्तावेज/प्रमाण एवं समस्त दस्तावेजों की दो–दो छायाप्रति स्वप्रमाणित साथ लेकर अनिवार्य रूप से आवे।

महत्वपूर्ण टीपः–यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हतायें और शर्तो को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जाँच स्वंय कर लें और अर्हता की समस्त शर्तें पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरे। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित हो, इस आशय से संबंधित घोषणा–पत्र, जो आवेदन के प्रारूप में दिया गया है, यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

कमिश्नर
भोपाल संभाग, भोपाल

आवेदन का प्रारूप
अधीक्षक
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा के पद हेतु

नोट : सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।

यहां पासपोर्ट साईज की फोटो चस्पा कीजिए

1. आवेदक का नाम...
2. पुरूष / महिला...
3. पिता / पति का नाम(उपनाम सहित)...
4. वर्तमान निवास स्थान का पता(पिन कोड सहित)...................................

   .... शहर का नाम.....................

   फोन नंबर....................मोबाईल नंबर...........................ई–मेल आईडी.......................................
5. स्थाई पता...

   ....शहर का नाम.........................

   फोन नंबर....................मोबाईल नंबर...........................ई–मेल आईडी.......................................
6. आधार कार्ड नंबर(हो तो)..
7. जन्मतिथि(हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची संलग्न करें)...
8. वर्ग : अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पि.वर्ग / विकलांग.......(आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)
9. मेडिकल काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनांक..
10. वर्तमान में पदस्थ शासकीय चिकित्सा :–..

    महाविद्यालय / संस्थान का नाम ....
11. शैक्षणिक अनुभव :–

क्रमांक	पदनाम	पद पर कार्यभार ग्रहण का दिनांक	शैक्षणिक अनुभव
1.	प्राध्यापक		
2.	सह प्राध्यापक		
3.	सहायक प्राध्यापक		
4.	ट्यूटर / प्रदर्शक		

12. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची(स्वप्रमाणित फोटो कॉपी संलग्न करें)

    12.1 एमबीबीएस डिग्री / एमडी / एमएस / एससीएच / डीएम डिग्री।

    12.2 एमडी / एमएस प्रयास प्रमाण पत्र।

    12.3 मेडिकल काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र(एमबीबीएस)।

12.4 मेडिकल काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र(एमडी / एमएस)। आधार कार्ड।

12.5 शोध कार्य शोध पत्र का प्रतिष्ठित स्तर पर प्रथम अथवा द्वितीय लेखक के रूप में प्रकाशन।

12.6 कार्यानुभव के दस्तावेज।अनापत्ति प्रमाण पत्र (म0प्र0 के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय / संस्थान में कार्यरत होते हुये आवेदन करने पर)

12.7 अन्य अर्जित शैक्षणिक / प्रशासनिक योग्यता के दस्तावेज।

13. **प्राथमिकताएं :–**

13.1 शासकीय महाविद्यालय / संस्थान में प्राध्यापक के रूप में कार्य का अनुभव।

13.2 चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध अस्पतालों मे प्रशासकीय एवं न्यायालयीन कार्य करने का अनुभव एवं दक्षता।

13.3 हॉस्पिटल मैनेजमेंट एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन या समान विषयों में डिप्लोमा / डिग्री या उच्च योग्यता।

13.4 शैक्षणिक कार्य से भिन्नतर अकादमिक, प्रशासकीय या अन्य कार्य का अनुभव।

संलग्न :–

स्थान ....

दिनांक...........................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

:: घोषणा–पत्र ::

1. मै प्रमाणित करता / करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र / नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरूद्ध पुलिस प्रकरण में एफआईआर दर्ज नहीं है और मेरे विरूद्ध कोई विभागीय जांच प्रचलन में नहीं है।
3. मै प्रमाणित करता / करती हूं कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है।
4. म0प्र0 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 मुझ पर पूर्णरूपेण बंधनकारी होंगे।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर